आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.06.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में आयोजित रन फॉर योगा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। युवाओं से नियमित योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत साल में दो बार खिलाड़ियों की शारीरिक मानक योग्यता परीक्षा ली जाएगी। प्रत्येक शनिवार को होगा वर्चुअल प्रशिक्षण।
- हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 की तैयारियां तेज। अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।
- रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन की ओर से केदारनाथ धाम में चलाए जा रहे 'कैरी मी बैक' अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। अब तक लगभग दो टन कचरा धाम क्षेत्र से नीचे लाया गया।

<u>रन फॉर योग</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं से नियमित योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ, ऊर्जावान और अनुशासित युवा ही राज्य और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। वे आज पुलिस लाइन, देहरादून में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रन फॉर योगा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच और योग को जन–जन तक पहुंचाने का सशक्त अभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को योग, आयुर्वेद, वेलनेस और प्राकृतिक चिकित्सा के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

<u>खेल मंत्री</u>

प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की प्रगति पर अब पहले से अधिक बारीकी से नजर रखी जाएगी। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत खिलाड़ियों की शारीरिक मानक योग्यता परीक्षा यानी पी–सैट साल में दो बार लिया जाएगा। जबकि प्रत्येक शनिवार को दो घंटे का वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इससे खिलाड़ियों की क्षमता का बेहतर आकलन होने के साथ ही उनके प्रदर्शन में भी निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिला क्रीड़ा अधिकारियों को इन दिशा–निर्देशों का तत्काल और कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं, ताकि प्रदेश का कोई भी प्रतिभावान खिलाड़ी आगे बढ़ने के अवसर से वंचित न रहे। खेल मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। योजना के नियमों और चयन प्रक्रिया में सुधार के लिए कुछ संशोधनों का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जो शासन स्तर पर विचाराधीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित संशोधनों पर अंतिम निर्णय होने तक चयन और अन्य सभी प्रक्रियाएं पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार निर्बाध रूप से जारी रहेंगी।

पर्यटन

प्रदेश सरकार, राज्य में पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय आयोजनों, आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों के सुनियोजित विकास और स्थानीय युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2026–27 में कई बड़े कार्यक्रमों और योजनाओं को मंजूरी दी गई है। राज्य में साहसिक पर्यटन को नई पहचान देने के लिए 18 प्रमुख आयोजनों का कैलेंडर भी तैयार किया गया है। साथ ही राज्य के तीन हजार से अधिक युवाओं को पर्वतारोहण, स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग और अन्य साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल का कहना है कि सरकार का लक्ष्य पर्यटन को केवल उद्योग नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का मजबूत आधार बनाना है।

कुंभ मेला

हरिद्वार में आगामी कुंभ मेले को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर अवस्थापना सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। कुंभ मेले के लिए स्वीकृत निर्माण कार्य चरणबद्ध रूप से तेजी से किए जा रहे हैं। मेला क्षेत्र में सड़क, पुल, पार्किंग और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए मेला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। इसी क्रम में अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने बैरागीवाला और श्रीयंत्र क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर कुंभ मेला मद से संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने दक्षद्वीप और बैरागी कैंप को जोड़ने के लिए मायापुर स्केप चैनल पर निर्माणाधीन स्टील गर्डर पुल का भी निरीक्षण किया। अपर मेलाधिकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समय–सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं, ताकि कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

केदारनाथ/स्वच्छता

केदारनाथ धाम को स्वच्छ, सुंदर और कचरा–मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'कैरी मी बैक' अभियान को श्रद्धालुओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। नगर पंचायत केदारनाथ, हीलिंग हिमालयास फाउंडेशन और सुलभ इंटरनेशनल की संयुक्त पहल से संचालित इस अभिनव अभियान के तहत अब तक लगभग दो टन कचरा धाम क्षेत्र से नीचे लाया जा चुका है। 'कैरी मी बैक' अभियान के तहत श्रद्धालुओं को अपने साथ लाए गए प्लास्टिक, पानी की खाली बोतलों, खाद्य सामग्री के रैपर और अन्य गैर–जैविक अपशिष्ट को केदारनाथ धाम में न छोड़कर वापस नीचे लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यात्रा मार्ग और धाम में तैनात कार्मिकों तथा स्वयंसेवकों द्वारा लगातार जन–जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगा है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि केदारनाथ धाम की स्वच्छता बनाए रखना केवल प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज की भी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'कैरी मी बैक' अभियान ने लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ जनभागीदारी आधारित कचरा प्रबंधन का एक प्रभावी मॉडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन भविष्य में भी इस प्रकार की पर्यावरण हितैषी पहलों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से केदारनाथ धाम की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने और हिमालय की प्राकृतिक विरासत के संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की है।

प्रबुद्ध सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मसूरी विधानसभा की ओर से देहरादून में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, चिकित्सक, अधिवक्ता, उद्योगपति, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे देश में सुशासन और विकास का नया अध्याय लिखा गया है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।